खुद के निर्णय लेकर आगे बढ़ें विद्यार्थी : सिंह

भीमताल। वीर माधो सिंह उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विद्यार्थियों से खुद के निर्णय लेकर भविष्य में आगे बढ़ने का आह्वान किया। शनिवार को भीमताल के बिड़ला इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम में डॉ. ओंकार सिंह ने भविष्य की रणनीति को लेकर चर्चा की।

विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों ने उनसे उच्च शिक्षा और प्लेसमेंट को लेकर विभिन्न सवाल पूछे। सिंह ने कहा कि छात्र को आत्म अनुशासन स्वयं ही करना होता है। कुलपति सिंह ने कंप्यूटर लैब का उद्घाटन भी किया। इस दौरान चेयरमैन डॉ. बीएस बिष्ट, निदेशक प्रो. बीके सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. हेम पांडेय आदि रहे। संवाद

भविष्य को संवारने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें

तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. सिंह ने बिड़ला संस्थान में किया कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन

भीमताल। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने शनिवार को भीमताल स्थित बिड़ला संस्थान का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान में कंप्यूटर लैब का उद्धघाटन किया। साथ ही विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया। संवाद कार्यक्रम में छात्रों द्वारा पूछे गये विभिन्न सवालों के जवाब में उन्होंने कहा छात्र को भावुक के साथ आत्म अनुशासन व अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह भी होना चाहिए। कहा विद्यार्थियों को अपने भविष्य को संवारने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना बेहद जरूरी है। साथ ही समय का प्रबंधन सीखना और आसान तरीकों पर निर्भर नहीं रहना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रयोगशालाओं में प्रैक्टिकल कर उसका विश्लेषण करने पर जोर दिया। कहा पुराने जमाने में ब्लाक बोर्ड और चाक पद्धति से पढ़ाया जाता था लेकिन अब शिक्षक कम्प्यूटर पर एक प्रस्तुति देते हैं और उसे हर साल दोहराते रहते हैं इससे वास्तविक शिक्षा का ह्रास हो रहा है।इससे पहले संस्थान पहुंचने पर चेयरमैन डॉ बीएस बिष्ट व निदेशक प्रो बीके सिंह ने उनका स्वागत किया। इस दौरान रजिस्ट्रार डॉ हेम पांडे समेत संस्थान के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।